# Bihar Board Class 7 Social Science Civics Solutions Chapter 2 राज्य सरकार

पाठगत प्रश्नोत्तर

प्रश्न 1.
अपने आस-पास सरकार द्वारा किये जाने वाले कार्यों की एक सूची बनाएँ।
उत्तर-
हमारे आस-पास सरकार द्वारा अनेकों कार्य किए गए हैं जेसे-जगह-जगह चापाकल लगवाएँ गए जिससे लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। सड़क के किनारे पेड़ लगाए गए जिससे लोगों को छाँव के साथ ही शुद्ध वायु भी मिले। सड़कें बनवाई गयीं । सड़कें के किनारे बहने वालों नलियों पर ढक्कन लगवाएँ गए, जिससे वातावरण दूषित न हो।

प्रश्न 2.
शिक्षक की सहायता से अपने जिले के मानचित्र में अपने विधान सभा क्षेत्र को दर्शाएँ एवं 'उम्मीदवार' व 'पार्टी' का अर्थ समझाएँ।
उत्तर-
छात्र इसे स्वयं करें।

प्रश्न 3.
चुनाव प्रचार क्यों किया जाता है? चर्चा करें।
उत्तर-
चुनाव प्रचार द्वारा उम्मीदवारों का प्रचार होता है। यह प्रचार हर । गाँव, कस्बा आदि में किया जाता है। इस प्रचार के जरिए सभी पार्टी अपने-अपने विचारों को लोगों तक पहुँचाती है और अपने उम्मीदवारों के लिए वोट माँगती है। चुनाव प्रचार के दौरान सभी पार्टियों के द्वारा अपने-अपने उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए ढेर सारे वादे किए जाते हैं।

प्रश्न 4.
अलग-अलग उम्मीदवार क्यों होते हैं ? इससे क्या फायदा होता है ?
उत्तर-
अलग-अलग उम्मीदवार इसलिए होते हैं, ताकि मतदाता के सामने अपने मतदान के लिए अनेक विकल्प मौजूद हों और एक ही उम्मीदवार को अपना मत देना उनकी मजबूरी नहीं होती। वे अपने पसंद के उम्मीदवार को मत दे सकते हैं। अलग-अलग उम्मीदवार के होने से जनता अपने पसंद के उम्मीदवार को अपना मत देगी और जिस उम्मीदवार को सबसे अधिक मत प्राप्त होगा, वही जनता का प्रतिनिधि चुना जाएगा। इससे यह भी पता चलेगा कि जनता किस उम्मीदवार पर सबसे अधिक भरोमा करती है।

प्रश्न 5.
इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के द्वारा मत कैसे दिया जाता है?
उत्तर-
इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एक आयताकार मशीन होती है। जिसमें एक तरफ सभी पार्टियों के चुनाव चिह्न अंकित


https://www.evidyarthi.in/

रहते हैं। सभी चनाव चिह्नों के बगल में एक बटन लगा होता है। मतदाता को जिस पार्टी को वोट करना होता है वह उस पार्टी के चुनाव चिह्न के सामने वाली बटन को दबा देता है। उस बटन को दबाते ही पों की आवाज आती है और हमारा मतदान हो जाता है।

प्रश्न 6.
आप अपने क्षेत्र के वर्तमान एवं पर्व विधायक के नाम बताएँ।
उत्तर-
छात्र इसे स्वयं करें।

प्रश्न 7.
चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से समाहित तक पूरी प्रक्रिया को विद्यालय में टोली बनाकर नाटक के रूप में प्रस्तुत करें।
उत्तर-
छात्र इसे स्वयं करें।

प्रश्न 8.
हिमाचल प्रदेश विधानसभा में 68 सदस्य है। किसी भी दल या गठबंधन
को बहुमत प्राप्त करने के लिए कितने सदस्यों की – आवश्यकता
होगी?
उत्तर-
हिमाचल प्रदेश विधान सभा में 68 सदस्य हैं, तो यहाँ किसी भी दल या गठबंधन को बहुमत प्राप्त करने 35 सदस्यों की आवश्यकता होगी क्योंकि बहुमत प्राप्त करने के लिए किसी पार्टी के पास विधान सभा सदस्यों की आधी संख्या से एक अधिक होनी चाहिए। यह संख्या अधिक की भी हो सकती है।

प्रश्न 9.
किस दल या गठबंधन की सरकार बनेगी यह तय करने के लिए – बहुमत के नियम से क्यों चलना चाहिए? चर्चा करें।
उत्तर-
किस दल या गठबंधन को सरकार बनेगी यह पता तय करने के लिए बहुमत के नियम से चलनी चहिए क्योंकि सरकार तो उसी दल की बननी चाहिए जिन्हें ज्यादा से ज्यादा लोग चाहते हों। किस पार्टी को लोग ज्यादा पसंद करते हैं, इसे तय करने के लिए पार्टी के हिसाब से सूची बनाई जाती है।

जिस दल के पास आधे से अधिक विधायक होते हैं, इससे पता चलता है कि उस दल को लोग ज्यादा चाहते हैं पर कई बार ऐसा होता है कि किसी दल के पास विधायक तो अधिक होते हैं, पर आधे से अधिक नहीं । यानी बाकी दलों की तुलना में उनके पास बहुमत नहीं होता और ऐसी स्थिति में गठबंधन वाली सरकार बनती है।

प्रश्न 10.
क्या कुछ ऐसे उदाहरण दे सकते हैं जहाँ आपको लगता है कि बहुमत दो अनुसार निर्णय होना चाहिए? चर्चा करें।
उत्तर-
बहुमत के अनुसार निर्णय होना चाहिए-इसके लिए तो लोकतंत्र में उदाहरण भरे पड़े हैं । सर्वप्रथम तो विधायक का चुनाव ही ऐसा उदाहरण ‘है, जिसका निर्वाचन बहुमत से होता है । इसके बाद बहुमत के आधार पर मुख्यमंत्री का चुनाव होता है । विधान सभा में जितने कार्य होते हैं, वे सभी बहुमत से ही निर्णय होता है । इस प्रकार स्पष्ट है कि हमें लगता है कि व्यवस्थापिका में सभी कार्य बहुमत के अनुसार ही होना चाहिए


https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 11.
अपने शिक्षक की सहायता से बिहार विधान सभा चुनाव के वर्ष 2010 में विभिन्न राजनीतिक दल के परिणाम की जानकारी प्राप्त कर तालिका के रूप में दर्शाइए
उत्तर-

| राजनीतिक दल | चुने गये सदस्यों की संख्या |
|---|---|
| भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस | 4 |
| भारतीय जनता पार्टी | 91 |
| जनता दल युनाइटेड | 115 |
| राष्ट्रीय जनता दल | 22 |
| लोक जनशक्ति पार्टी | 3 |
| अन्य राजनीतिक दल | 1 |
| निर्दलीय | 6 |
| **कुल योग** | **243** |

प्रश्न 12.
अगर आप विधायक होते तो अपने क्षेत्र की कौन-सी समस्या उठाते और क्यों?
उत्तर-
अगर मैं विधायक होती तो अपने क्षेत्र की पेयजल संकट, बेरोजगारी, बिजली, सड़क आदि की समस्या को उठाती। इसी के साथ अपहरण भी एक प्रमुख समस्या है। पेयजल की संकट की वजह से लोगों को दूषित पानी पीने को मजबूर होना पड़ता है। जिसकी वजह से उन्हें कितनी बीमारियों का शिकार होना पड़ता है, जिसमें सबसे प्रमुख हैं पेट की बीमारियाँ ।

बेरोजगारी भी हमारे क्षेत्र की प्रमुख समस्या है, लोगों को रोजगार नहीं मिल पाता, जिससे उनके और उनके परिवार के सामने भूखों मरने की नौबत आ जाती हैं। बेरोजगारी की वजह से कितने लोग आत्महत्या करने की कोशिश भी करते हैं। बिजली भी हमारे क्षेत्र की प्रमुख समस्या है।

बिजली की कमी की वजह से कितने कल-कारखाने अपने सही समय पर काम शुरू नहीं कर पाते हैं। इससे लोगों की दिनचर्या भी प्रभवित होती है। बिजली हमारे जीवन की आधारभूत संरचना है। सड़कों का सही होना भी आवश्यक होता है। सड़कें टूटी हुई हो तो अपने गन्तव्य स्थान पहुंचने में लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

जिसकी वजह से वह कभी-कभी अपने किसी आवश्यक काम के लिए भी देर से पहुंचते हैं और उनका बहुत नुकसान हो जाता है। हमारे बोझ में अपहरण भी एक मुख्य समस्या है। सबसे ज्यादा अपहरण स्कूली बच्चों का होता है। अपहरण के बाद उनके माता-पिता से

उनकी रिहाई के बदले मोटी रकम की मांग की जाती है और रकम न मिलने पर उन्हें मार दिया जाता है।

प्रश्न 13.
आपकी नजर में एक विधायक और उस विधायक में, जो मंत्री भी हैं क्या अंतर हैं?
उत्तर-
एक विधायक जो सिर्फ विधायक है मंत्री नहीं वह सिर्फ जनता की परेशानियों को सरकार के आगे रख सकता है। संबंधित विषय पर प्रश्न पूछ सकता है और अपने सुझाव भी दे सकते हैं। किसी भी चीज की परेशानी के लिए या किसी खास विषय पर ध्यान न देने की वजह से अगर उसके क्षेत्र की जनता को परेशानियाँ हो रही हैं तो वह उस विभाग से संबंधित मंत्री से इसकी वजह पूछ सकती है और वह विधायक जो मंत्री भी है वह सदन में विधेयक पास करवा सकता है तथा अनुकूल कार्यवाही न होने पर कोई कड़ा रूख भी अपना सकता है।


https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 14.
विधान सभा में बहस करने की आवश्यकता क्यों हैं?
उत्तर-
विधान सभा में विधायक और मंत्री के बीच में बहस होती है। विधायक अपने क्षेत्र की जनता की परेशानियों को सरकार के सामने रखता है और संबंधित प्रश्न पूछता है और जिस विषय से संबंधित प्रश्न वह पूछता है उस विभाग के मंत्री उसका जवाब देते हैं। इससे हर क्षेत्र से जुड़ी परेशानियाँ सामने आती हैं। यहाँ मंत्री और विधायकों के बीच बहस होती है। विधायकों द्वारा प्रश्न पूछने पर मंत्री उन्हें बनाते हैं कि काम हो रहा और उन्हें और सदन को आश्वस्त करते हैं कि इस क्षेत्र में और भी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इसी तरह बहस होती है और कई समस्याओं का हल निकलता है। ।

अभ्यास के प्रश्नोत्तर

प्रश्न 1.
अपने शिक्षक को सहायता से पता लगाइये कि निम्नांकित सरकारी विभाग क्या काम करते हैं और उन्हें तालिका में दिये गये रिक्त स्थानों में भरिए।
उत्तर-

| विभाग का नाम | उनके द्वारा किए गए कार्यों के उदाहरण |
|---|---|
| मानव संसाधन विकास विभाग | राज्य के प्राथमिक से लेकर विश्वविद्यालय स्तर तक पढ़ाई की व्यवस्था करना |
| स्वास्थ्य विभाग | जगह-जगह स्वास्थ्य शिविर लगाना, मुफ्त टीके लगवाना |
| पथ निर्माण विभाग | सड़कें बनवाना, टूटी सड़कों का बंटवारा करवाना |
| कृषि विभाग | वैज्ञानिक विधि से कृषि करने की जानकारी |

प्रश्न 2.
निर्वाचन क्षेत्र व प्रतिनिधि शब्दों का प्रयोग करते हुए स्पष्ट कीजिए की विधायक कौन होता है और उनका चनाव किस प्रकार होता है?
उत्तर-
निर्वाचन क्षेत्र से कई अलग-अलग प्रतिनिधि चुनाव लड़ने के लिए खड़े होते हैं और जनता से अधिक से अधिक वोट की उम्मीद करते हैं और जनता जिस उम्मीदवार को सबसे अधिक पसंद करती है उन्हें सबसे अधिक. वोट देते हैं और जिस उम्मीदवार को सबसे अधिक वोट मिलता है वह विजयी घोषित किया है, फिर उसे जनता का प्रतिनिधि बनाकर संसद में भेजते हैं और जो प्रतिनिधि आपस में मिलकर सरकार बनाते हैं, उसे विधायक कहते हैं।

प्रश्न 3.
विधान सभा सदस्य द्वारा विधायिका में किए गए कार्यों और शासकीय
विभागों द्वारा किए गए कार्यों के बीच क्या अन्तर है?
उत्तर-
विधान सभा में बहस कुछ अर्थों में उपयोगी होती है क्योंकि अगर बहस नहीं होगी तो कोई पक्ष अपनी बात सामने कैसे रखेगा। जब कोई विधायक अपनी बात पूछता है तो उस विभाग के मंत्री उसका जवाब देते हैं। उन दोनों के बीच बहस होती है और उस समस्या का समाधान होता है । बहस से हर किसी को उसका हक मिलता है।


https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 4.
आपके विचार में क्या विधान सभा में बहस कछ अर्थों में उपयोगी रही? कैसे । चर्चा कीजिए।
उत्तर-
विधान सभा सदस्य द्वारा विधायिका में किए गए कार्यों और शासकीय विभागों द्वारा किए गए कार्यों के बीच अंतर विधान सभा सदस्य के द्वारा जो काम किए जाते हैं, वो जनता के हित में होते हैं उनमें जनता की भलाई होती है। जनता को जिस भी क्षेत्र में कोई परेशानी होती है, उस विभाग के मंत्री द्वारा उस परेशानी को दूर करने की कोशिश की जाती है और उस परेशानी के दुर होने पर उसकी वजह तलाशी जाती है और फिर उस पर कड़ी कार्यवाही की जाती है।


evidyarthi
https://www.evidyarthi.in/